सेशल्स गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति डैनी फौर के सम्मान में आयोजित राजभोज में भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविन्द का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 25 जून, 2018

महामहिम राष्ट्रपति डैनी फौर,
सेशल्स के शिष्टमंडल के विशिष्ट सदस्यगण,
देवियो और सज्जनो,

महामहिम, मुझे आपका और आपके साथ आए हुए शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए बहुत खुशी महसूस हो रही है।

भारत आपके लिए कोई अपरिचित देश नहीं है। आपने पहले भी अनेक बार हमारे देश की यात्रा की है। इसी वर्ष मार्च में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन संस्थापना सम्मेलन के समय भारत आने पर आपका स्वागत करके हमें प्रसन्नता हुई थी। परंतु आज का दिन विशेष है क्योंकि हमारे देश की यह आपकी पहली राजकीय यात्रा है।

महामहिम,

भारत और सेशल्स के बीच निकट मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और ये सम्बन्ध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। सेशल्स की आजादी के बाद, पिछले चार दशकों से हमारे देश साझी चुनौतियों का मुकाबला करने, महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान खोजने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग के ताने-बाने को मजबूत बनाने में साझीदारों के रूप में मिलकर कार्य करते रहे हैं।

हम सेशल्स के प्रति आपके विज़न की, खासतौर से सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, सुशासन और जवाबदेही पर बल देने की सराहना करते हैं। आप आर्थिक प्रगति, गरीबी घटाने और सामाजिक कल्याण पर जिस प्रकार ध्यान दे रहे हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह प्रसन्नता का विषय है कि मानव विकास सूची में सेशल्स सर्व-श्रेष्ठ अफ्रीकी देश के रूप में उभरा है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए मैं आपकी सरकार की सराहना करता हूं।

यद्यपि सेशल्स आकार में छोटा है, परंतु इसने ब्लू इकॉनमी, सतत विकास, पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में अपनी अग्रणी भूमिका के लिए दुनियाभर में सम्मान पाया है। विकासशील छोटे-आइलैण्ड देशों में और अफ्रीकी संघ में सेशल्स का महत्वपूर्ण स्थान है।

महामहिम,

प्रतिरक्षा, सुरक्षा और सामरिक सहयोग के क्षेत्र में सेशल्स के साथ हमारे मजबूत संबंध रहे हैं। हमारी सामरिक साझेदारी से इस क्षेत्र में और उससे परे भी हमारे महासागरीय क्षेत्र की सुरक्षा का संकल्प और ज्यादा मजबूत हुआ है। भारत यह मानता है कि हिन्द और प्रशांत महासागर क्षेत्र में आर्थिक अवसर भी हैं और सुरक्षा चुनौतियाँ भी। हम चाहते हैं कि इण्डो-पैसिफिक क्षेत्र एक स्वतंत्र, उन्मुक्त, शांतिपूर्ण, समृद्ध और समावेशी क्षेत्र रहे जहां नियम-आधारित व्यवस्था के साथ-साथ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो।

पिछले चार दशक में हमारे बीच द्विपक्षीय प्रतिरक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ा है। भारतीय नौसेना की टुकड़ियां आपके राष्ट्रीय दिवस की परेड में नियमित रूप से भाग लेती रही हैं। यह हमारे लिए न केवल सम्मान का विषय है अपितु हमारे मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की स्पष्ट अभिव्यक्ति भी है। आज यहां हमारी भेंट हो रही है और उधर भारतीय नौसेना पोत 'आईएनएस तरकश' पोर्ट विक्टोरिया में पहुंच रहा है जो 29 जून को आपके राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगा।

आपके राष्ट्रीय दिवस पर हमारी ओर से उपहार स्वरूप दूसरा डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान दिया गया है जो इस विशेष दिन पर सेशल्स वायु सेना में शामिल हो जाएगा।

महामहिम,

आपने अभी-अभी गुजरात की यात्रा की है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भारत के इस क्षेत्र का आपके खूबसूरत देश

के साथ एक ख़ास रिश्ता है। सेशल्स के हमारे प्रवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा इसी राज्य से गया है। हमारे पारंपरिक जुड़ाव, सांस्कृतिक निकटता और जनता के बीच आपसी संपर्क हमारे द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला हैं। भारतीय प्रवासी आपके देश में सबसे पहले जाकर बसने वालों में शामिल थे और वे सेसेलवा समाज की बुनियाद हैं।

महामहिम, प्रकृति की आप पर बहुत कृपा रही है। जब हम भारत में सेशल्स की चर्चा करते हैं तब हमें बताया जाता है कि सेशल्स देश रंग-बिरंगी रेत, दुनिया के सबसे बड़े कोकोनट और विशेष प्रजाति के अलदाब्रा टोरटोईस का देश है। आज आपने हमें जो उपहार दिऐ हैं, हम उनके लिए आपका धन्यवाद करते हैं। ये केवल आपके यहां ही पाए जाते हैं, इसलिए ये उपहार विशेष हैं।

महामहिम,

मैं, सेशल्स की मित्र जनता के लिए महत्वपूर्ण विविध क्षेत्रों में विकास सहायता उपलब्ध कराने की हमारी सतत प्रतिबद्धता का विश्वास आपको दिलाना चाहता हूं। मुझे यह भी विश्वास है कि आज हमने जो समझौते किए हैं, उनसे द्विपक्षीय सहयोग के नए मार्ग प्रशस्त होंगे तथा हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप और भी घनिष्ठ होगी।

राष्ट्रपति महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आपका और आपके शिष्टमंडल के विशिष्ट सदस्यों का एक बार फिर स्वागत करता हूं और भारत में आपके सफल और सुखद प्रवास की कामना करता हूं।

देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर;

- महामहिम राष्ट्रपति डैनी फौर के स्वास्थ्य और कुशलता की;
- सेशल्स गणराज्य और वहां की मित्र जनता की निरंतर प्रगति और समृद्धि की; तथा
- भारत और सेशल्स की चिर-स्थायी मैत्री की मंगल-कामना करें।

धन्यवाद।